**प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 17.08.2026**

## थाना लोनी बॉर्डर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान 02 मोबाइल चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का 01 मोबाइल बरामद ।

दिनांक 16.08.2026 को थाना लोनी बॉर्डर पर वादी द्वारा तहरीर दी गई कि वादी के कमरे से वादी का मोबाइल फोन चोरी हो जाना जिसके सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना लोनी बॉर्डर पर सुसंगत धारा- 305(ए) बीएनएस के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया तथा अभियुक्त की गिरफ्तारी व चोरी के मोबाइल की बरामदगी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया।

आज दिनांक 17.08.2026 को थाना लोनी बॉर्डर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मोबाइल चोरी की घटना कारित करने वाले 02 अभियुक्तगण 1. मेहरदास 2.सद्दाम को लालबाग कीकर जंगल के पास थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से चोरी का 01 मोबाइल फोन बरामद हुआ। बरामद चोरी के मोबाइल के सम्बन्ध में थाना लोनी बॉर्डर पर अभियोग पंजीकृत है तथा बरामदगी के आधार पर उपरोक्त अभियोग में धारा- 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी है। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### पूछताछ का विवरण–

पूछताछ करने पर अभियुक्तगण ने बताया कि हमारे पास से जो 01 मोबाइल बरामद हुआ है ये मोबाइल चोरी का है जिसे हमने बलराम नगर से चोरी कर लिया था। हम मोबाइल चोरी कर राह चलते व्यक्तियों को बेचकर मिले पैसों को आपस में बाँट लेते है तथा अपने शौक पूरे करते है।

### गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता–

1.मेहरदास पुत्र वेदपाल सिंह निवासी राजीव गार्डन मंगल बाजार थाना लोनी बॉर्डर गाजियाबाद, उम्र करीब 29 वर्ष

2.सद्दाम पुत्र मोमीन निवासी राजीव गार्डन मंगल बाजार थाना लोनी बॉर्डर, उम्र करीब 28 वर्ष

### बरामदगी का विवरण -

कब्जे से चोरी का 01 मोबाइल फोन बरामद।

### आपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग

अभियुक्त गण के विरुद्ध थाना लोनी बॉर्डर पर उपरोक्त मोबाइल फोन चोरी के सम्बन्ध में 01 अभियोग पंजीकृत है व अभियुक्त मेहरदास पर थाना लोनी बॉर्डर पर चोरी/लूट/आर्म्स एक्ट के 04 अभियोग पंजीकृत है। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

### गिरफ्तारी करने वाली टीम-

थाना लोनी बॉर्डर पुलिस टीम।

## थाना अंकुर विहार पुलिस टीम द्वारा वाहन चोरी की घटना कारित करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद।

आज दिनांक 17.08.2026 को थाना अंकुर विहार पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान वाहन चोरी की घटना कारित करने वाला अभियुक्त मौहम्मद शमीम पुत्र मौहम्मद इस्लाम निवासी इनाम विहार, थाना अंकुर विहार गाजियाबाद, उम्र करीब 20 वर्ष को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से दिल्ली से चोरी की गयी 01 मोटरसाइकिल बरामद की गयी। उक्त बरामद मोटरसाइकिल के सम्बन्ध में थाना ई-पुलिस स्टेशन एमवी थैफ्ट दिल्ली पर चोरी का अभियोग पंजीकृत है। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में थाना अंकुर विहार पर धारा- 317(2) बीएनएस के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया तथा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण-**

पूछताछ करने पर अभियुक्त ने बताया कि मैं दिल्ली से मोटरसाइकिल चोरी कर उन्हें कम दामों में बेच देता हूँ और पैसे कमाकर अपने शौक पूरे करता हूँ। मैंने यह मोटरसाइकिल करीब 2-3 महीने पहले दिल्ली से चोरी की थी और इसे अभी तक छिपा कर रखा था। आज मैं इसे बेचने के लिए जा रहा था कि पुलिस चेकिंग में पकड़ा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त के नाम व पता-**

मौहम्मद शमीम पुत्र मौहम्मद इस्लाम निवासी इनाम विहार, थाना अंकुर विहार गाजियाबाद, उम्र करीब 20 वर्ष

**बरामदगी का विवरण-**

कब्जे से चोरी की 01 मोटरसाइकिल बरामद।

**आपराधिक इतिहास/ पंजीकृत अभियोग-**

अभियुक्त के विरूद्ध उक्त चोरी की मोटरसाइकिल बरामदगी के सम्बन्ध में थाना अंकुर विहार पर 01 अभियोग पंजीकृत किया गया है, पूर्व में ई-पुलिस स्टेशन एमवी थैफ्ट दिल्ली पर मोटरसाइकिल चोरी का 01 अभियोग पंजीकृत है। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

थाना अंकुर विहार पुलिस टीम।